# सकल यादव समाज का अखिल भारतीय वैवाहिक परिचय सम्मेलन

▸ 7 राज्यों से 511 युवक-युवतियों की ऐतिहासिक सहभागिता

**नीमच। सकल यादव समाज नीमच के तत्वावधान में अखिल भारतीय युवक युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन का भव्य, अनुशासित एवं सुव्यवस्थित आयोजन रविवार 21 दिसंबर 2025 को टाउन हॉल, नीमच में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस सम्मेलन ने सामाजिक एकता, संगठनात्मक मजबूती और संस्कारयुक्त विवाह व्यवस्था का सशक्त संदेश दिया।**

अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित इस सम्मेलन में मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली, गुजरात एवं तेलंगाना सहित सात राज्यों से कुल 511 विवाह योग्य प्रत्याशियों ने सहभागिता की। इनमें 324 युवक एवं 187 युवतियां शामिल रहीं। रिकॉर्ड संख्या में प्राप्त प्रविष्टियों से समाज में खासा उत्साह देखने को मिला और यह सम्मेलन यादव समाज के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में सामने आया।

परिचय सम्मेलन समिति अध्यक्ष यशवंत गोयल, परिचालन समिति अध्यक्ष रविशंकर जेरिया एवं कोर समिति अध्यक्ष विनोद यादव ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, एनजीओ प्रतिनिधि, महिला संगठनों एवं सामाजिक समूहों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। सम्मेलन ने सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय स्तर पर समाज को जोड़ने का कार्य किया।

सम्मेलन में शामिल प्रत्याशियों में प्रशासनिक अधिकारी, प्रोफेसर, इंजीनियर, डॉक्टर, आईआईटी प्रोफेशनल, मल्टीनेशनल कंपनियों में





कार्यरत युवा, राज्य व केंद्र सरकार के अधिकारी-कर्मचारी सहित विभिन्न क्षेत्रों में दक्ष और उच्च शिक्षित युवक-युवतियां सम्मिलित रहे। समिति द्वारा सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों के लिए आवास, ठहराव एवं भोजन की समुचित और सराहनीय व्यवस्था की गई थी।

कार्यक्रम की गरिमा उस समय और बढ़ गई जब यादव समाज के आईएएस, आईपीएस, आईआरएस स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों ने मंच से युवाओं और अभिभावकों को मार्गदर्शन प्रदान किया। साथ ही सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रतिनिधियों की सहभागिता ने सम्मेलन को और अधिक प्रेरणादायी बना दिया।

वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि यादव समाज ने शिक्षा को अपनी शक्ति बनाकर प्रशासन, पुलिस, वन विभाग, रक्षा सेवाओं, खेल, शिक्षा एवं कॉर्पोरेट जगत में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। समाज के युवाओं ने चतुर्थ श्रेणी से लेकर प्रमुख सचिव जैसे उच्च पदों तक पहुंचकर समाज और देश का नाम रोशन किया है। अनेक युवाओं ने शिक्षा में गोल्ड मेडल प्राप्त किए हैं तथा विदेशों में मल्टीनेशनल कंपनियों में उच्च पदों पर कार्य कर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाई है।

> समिति सदस्यों ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में ऐसे वैवाहिक परिचय सम्मेलन समय की आवश्यकता हैं। यह मंच युवाओं और अभिभावकों को सीधे संवाद का अवसर प्रदान करता है, जिससे विवाह प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और दहेज जैसी सामाजिक कुरीतियों से मुक्त हो सके। दूरदराज क्षेत्रों में निवासरत समाजजनों के लिए यह आयोजन एक मजबूत और सार्थक सेतु साबित हो रहा है।

# नशे में हंगामा करने वाला ट्रैफिक कांस्टेबल सस्पेंड

**नीमच।** शहर के फव्वारा चौक पर दो दिन पहले शराब के नशे में हंगामा करने वाले सिपाही दौलतराम को सस्पेंड कर दिया है। सिपाही ने सरेराह होटल वालों, लॉज के कर्मचारियों और ऑटो वालों के साथ बदतमीजी की थी। हंगामे के दौरान वहां मौजूद लोगों ने सिपाही की हरकतों का वीडियो बना लिया, जो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर पोस्ट होने लगा। वीडियो में साफ दिख रहा था कि वर्दी की मर्यादा भूलकर सिपाही नशे में लोगों के साथ कैसा बर्ताव कर रहा था।

ट्रैफिक टीआई सोनू बड़गुर्जर ने बताया कि सिपाही की ड्यूटी दोपहर 12 बजे खत्म हो गई थी, लेकिन वह डेढ़ बजे शराब के नशे में लोगों से झगड़ा करता पाया गया।



**एसपी बोले- अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं-** एसपी अंकित जायसवाल ने कहा कि अनुशासनहीनता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वर्दी पहनने का मतलब यह नहीं है कि कोई भी गलत व्यवहार या अनुशासन तोड़ने के लिए आजाद है। ड्यूटी के समय हो या उसके बाद, हर पुलिसकर्मी को जनता के साथ अच्छा बर्ताव करना ही होगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि लोगों के साथ बदतमीजी करने वालों के खिलाफ बिना किसी पक्षपात के कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर में

### मनरेगा के अस्तित्व को बचाने कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आज

**नीमच।** केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना' (मनरेगा) का नाम बदलने के निर्णय को कांग्रेस ने गरीबों के हक पर हमला और गांधीजी के मूल्यों को मिटाने की साजिश करार दिया है। भाजपा सरकार द्वारा 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना '(मनरेगा) का नाम बदलने और इसमें किए जा रहे बदलावों के विरोध में 22 दिसम्बर 2025 को दोपहर 12 :30 बजे भारत माता चौराहा ,नीमच पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा एक विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा इस महत्वपूर्ण जन-कल्याणकारी कानून से महात्मा गांधी का नाम हटाना केवल नाम बदलना नहीं, बल्कि गांधीजी के विचारों और उनके मूल्यों को मिटाने की एक 'सुनियोजित राजनीतिक साजिश' है। बाहेती ने कहा कि सरकार राज्यों पर वित्तीय बोझ डालकर अपनी जिम्मेदारी से भाग रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के करोड़ों लाभार्थियों का 'काम का कानूनी अधिकार' खतरे में पड़ गया है। यह कदम सीधे तौर पर गरीब श्रमिकों और संघीय ढांचे पर प्रहार है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बाहेती ने कहा कि यह लड़ाई सिर्फ नाम की नहीं, बल्कि उस कानून को बचाने की है जिसने देश के करोड़ों मजदूरों को सम्मान और रोजगार की गारंटी दी है। भाजपा की यह तानाशाही जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। विरोध प्रदर्शन प्रमुख रूप से योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाने के विरोध,लंबित मजदूरी का तत्काल भुगतान करने एवं वित्तीय भार राज्यों पर डालने की नीति को बंद करने के मुद्दे पर रहेगा ।

### जिला प्रशासन नीमच द्वारा राजस्व प्रकरणों के निराकरण की पहल


**नीमच।** जिले में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए प्रशासन गांव की और अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आज 22 दिसंबर 2025 से 6 जनवरी 2025 तक 83 कलस्टर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर विशेष राजस्व शिविर आयोजित किए जाएंगे और राजस्व संबंधी मामलों का निपटारा किया जावेगा। प्रशासन गांव की ओर अभियान के दूसरे चरण में जिले में 7 तहसीलों में तहसील स्तरीय राजस्व शिविर 07, 08 एवं 09 जनवरी 2026 को 14 स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे। प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में आज 22 दिसम्बर 2025 सोमवार को नीमच ग्रामीण तहसील के कलस्टर पंचायत मुख्यालय दारू, जवासा में विशेष राजस्व शिविर आयोजित किए जा रहे है। जीरन तहसील के कलस्टर मुख्यालय जीरन, नीमच नगर के कनावटी, तहसील मनासा के कलस्टर पंचायत मुख्यालय पिपलियारावजी, कुण्डालिया, रामपुरा तहसील के पंचायत मुख्यालय चचोर, जावद तहसील के पंचायत मुख्यालय उपरेड़ा एवं ढाणी, सिंगोली तहसील के पंचायत मुख्यालय झांतला एवं देहपुर में ग्रामीणों किसानो की राजस्व संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए विशेष राजस्व शिविर आयोजित किए जा रहे है। एडीएम श्री बी .एस .कलेश ने बताया, कि जिले में प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत राजस्व विभाग द्वारा आयोजित किए जा रहे विशेष राजस्व शिविरों की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### पर्यावरण मित्रों ने किया तीन घंटे श्रमदान



**नीमच।** शहर को स्वच्छ सुंदर पर्यावरण युक्त प्रदूषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था नीमच निरन्तर अभियान चला कर शहर को स्वच्छ सुंदर पर्यावरण युक्त बनाने में जुटी हुई है अभियान के तहत संस्था सदस्यों ने रविवार दिनांक 21 दिसंबर को हवाई अड्डा झांझरवाडा मार्ग स्थित विश्व संकल्प पर्यावरण वाटिका परिसर में पुर्व रोपित 1401 से अधिक पोधो की देखभाल कर पोधो के आसपास एवं परिसर से घास कंटीली झाड़ियों की साफ-सफाई कर पोधो को पानी पिलाया, संस्था संरक्षक इंजिनियर नवीन कुमार अग्रवाल ने बताया कि संस्था द्वारा जो भी पोंधे रोपित किए जाते हैं उनकी पेड़ बनने तक नियमित रूप से देखभाल की जाती है,यही कारण है कि रोपित पोंधे शत प्रतिशत जीवित हैं, संस्था सदस्यों ने गत वर्ष 60 से अधिक प्रजातियों के फलदार छायादार फुलदार ओषधि युक्त पोंधे रोपित किए थे जिनकी सुरक्षा हेतु एवं देखभाल समय समय पर संस्था सदस्यों द्वारा की जाती है,अभियान में संस्था संरक्षक इंजिनियर नवीन कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष किशोर बागड़ी, सचिव दुलीचंद कनेरिया, उपाध्यक्ष राजकुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष ,निर्मल देव नरेला, सोनु नागर, धर्मेंद्र परमार, आदि ने श्रमदान कर सहभागिता निभाई।

### सुभाष वाटिका परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान



**नीमच।** शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने के उद्देश्य को लेकर संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था नीमच के सदस्यों ने शनिवार दिनांक 20 दिसंबर को फव्वारा चोक स्थित सुभाष वाटिका परिसर में प्रात: 8 से 10 बजे तक 2 घंटे श्रमदान कर परिसर से प्लास्टिक पॉलीथिन थैलियां पन्नी, घास कंटीली झाड़ियां आदि एकत्रित कर ढेर लगाए, इसके पश्चात परिसर में रोपित पौधों को पानी पिलाया एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की आदमकद प्रतिमा को जल से साफ सफाई कर परिसर को स्वच्छ सुंदर बनाया गया अभियान में संस्था संरक्षक इंजीनियर नवीन कुमार अग्रवाल, सचिव दुलीचंद कनेरिया, कोषाध्यक्ष रमेश मोरे सुकुमार आगार,केशव सिंह चौहान, भारतीय सुभाष सेना के अध्यक्ष मोहनलाल सैनी रामलाल रामलख्यानि आदि ने श्रमदान कर सहभागिता निभाई उक्त जानकारी संस्था के सुकुमार आगार ने दी है।

# प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना से मिली ग्रामीणों को पक्के मकान की सुविधा

**नीमच।** प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत नीमच जिले के लाभार्थियों को पक्के आवास की सुविधा मिली है। अब अपने परिवार जनों के साथ इन पक्के आवासों में आराम से रह रहे हैं। नीमच जिले की ग्राम पंचायत जगोली के ग्राम अरनिया कुमार निवासी मुकेश दास बैरागी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलने से काफी खुशहै। पहले मुकेश किराए के मकान में रह रहे थे। जिसका हर महीने किराया भुगतान करना उनके लिए भारी पड़ रहा था, ऐसे में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उन्हें एक लाख 20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता पक्का आवास निर्माण के लिए मिली। साथ ही मकान निर्माण कार्य में की गई मजदूरी का भुगतान भी उन्हें मनरेगा योजना से प्राप्त हुआ। अब मुकेश अपने परिवार के साथ अपने स्वयं के पक्के मकान में रह रहा है वह बेहद खुश है कि उसके परिवार को किराए के मकान से मुक्ति मिल गई है, अब वह भी अपने स्वयं के पक्के मकान का मालिक है।. इसके





लिए मुकेश प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को धन्यवाद दे रहा है।

नीमच जिले की ग्राम अरनिया कुमार निवासी शंभू दयाल पिता हरिराम भी पहले कच्चे मकान में निवास कर रहे थे इससे बरसात के दिनों में उन्हें और उनके परिवार को अनेकों परेशानियों का सामना करना पड़ता था ऐसे में उन्हें ग्राम पंचायत से प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 1.20 लाख रुपए की राशि पक्के आवास निर्माण के लिए स्वीकृत होकर मिली तो उनके परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा उन्होंने इस राशि से पक्के आवास का निर्माण किया और पंचायत द्वारा उन्हें आवास निर्माण कार्य में की गई मजदूरी का भुगतान भी दिया। अब शंभूदयाल का भी पक्का मकान बनकर तैयार हो गया है और वे अपने इस मकान में परिवार सहित रहने लग गए हैं। पक्का आवास निर्माण हो जाने से शंभू दयाल का गांव में मान सम्मान भी बढ़ा है साथ ही उन्हें बरसात में छत टपकने से होने वाली असुविधाओं से मुक्ति भी मिल गई है। उल्लेखनीय है,कि नीमच जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत योजना प्रारंभ से अब तक कुल 31185 प्रधानमंत्री आवास निर्माण के काम स्वीकृत किए गए इनमें से अब तक 24582 हितग्राहियों ने अपने पक्के आवास का निर्माण कर लिया है।

# भक्ति, श्रद्धा और उल्लास में डूबी नीमच सिटी, श्री सांवलिया सेठ मंदिर में भजन संध्या का आयोजन

**नीमच। श्री सांवलिया सेठ भक्त मंडल नीमच के तत्वावधान में क्षेत्र की खुशहाली, सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना को लेकर शनिवार रात्रि श्री सांवरिया सेठ मंदिर, नीमच सिटी पर चतुर्थ भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। रात्रि 8 बजे प्रारंभ हुई यह भजन संध्या देर रात तक भक्तिरस में सराबोर रही, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।**

भजन संध्या में इंदौर से पधारे सुप्रसिद्ध भजन गायक सावन नागदा, राजस्थान के रतनराव सिहाना एवं जयपुर की तृप्ति लड्डा ने सांवरिया सेठ और खाटू श्याम बाबा पर आधारित एक से बढ़कर एक मधुर और भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति दी। उनके भक्तिमय गायन ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भजनों के दौरान श्रद्धालु झूमते हुए जयकारे लगाते नजर आए और पूरा परिसर भक्ति के रंग में रंग गया।





संगीत संगत में उमेश म्यूजिकल ग्रुप नीमच ने सुरों की सधी हुई प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को ऊंचाई प्रदान की, वहीं शर्मा साउंड पलसोड़ा की शानदार ध्वनि व्यवस्था ने आयोजन की भव्यता को और बढ़ा दिया। इस पावन अवसर पर खाटू श्याम बाबा की अलौकिक जोत प्रज्वलित की गई तथा 56 भोग अर्पित किए गए। इत्र वर्षा एवं पुष्प वर्षा ने वातावरण को भक्तिमय और सुगंधित बना दिया।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण सांवरिया सेठ एवं खाटू श्याम बाबा का अलौकिक दरबार रहा, जिसे सेवा नीमच श्याम सरकार द्वारा दिल्ली एवं कोलकाता से मंगवाए गए विशेष फूलों से भव्य रूप से श्रृंगारित किया गया। ड्रोन कैमरे के माध्यम से की गई पुष्प वर्षा श्रद्धालुओं के लिए अद्भुत और अविस्मरणीय दृश्य बन गई।

मनमोहक ढोल एवं डीजे की मधुर धुनों पर भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। भजन संध्या का समापन आरती एवं प्रसादी वितरण के साथ श्रद्धा और आनंद के वातावरण में संपन्न हुआ।

# जिला प्रशासन का प्रशासन गांव की ओर अभियान आज से

▸ पंचायत कलस्टर स्तर पर विशेष शिविर

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में नीमच जिले में प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों के समन्वय से प्रशासन गांव की ओर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आज 22 दिसम्बर 2025 से 6 जनवरी 2026 तक पंचायत कलस्टर स्तर पर विशेष शिविरो का आयोजन किया जा रहा हैं।

नीमच जिले में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए प्रशासन गांवों की और अभियान के तहत आज 22 दिसंबर 2025 से 6 जनवरी 2025 तक 83 कलस्टर ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर विशेष राजस्व शिविर आयोजित किए जाएंगे और राजस्व संबंधी मामलों का निपटारा किया जावेगा। प्रशासन गांव की ओर अभियान के दूसरे चरण में जिले में 7 तहसीलों में तहसील स्तरीय राजस्व शिविर 07, 08 एवं 09 जनवरी 2026 को 14 स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे।

**पालक शिक्षक संवाद-** प्रशासन गांवों की ओर अभियान के तहत शिक्षा विभाग द्वारा संकुल स्तर पर पालक शिक्षक संवाद कार्यक्रम शाला प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की जावेगी और 12वीं कक्षा तक के ए.बी.सी. ग्रेड के बच्चों के शैक्षणिक स्तर में सुधार पर चर्चा की जावेगी। शाला त्यागी और बीच में पढाई छोड़ चुके बच्चों के अभिभावकों से संवाद कर, बच्चों को शाला के पुन: दाखिल दिलाने के लिए प्रेरित किया जावेगा। शेष रहे सभी विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवेदन फार्म तैयार करवाए जाएंगे। नि:शुल्क साईकिल वितरण एवं छात्रवृत्ति वितरण संबंधी समस्याओं का समाधान भी किया जावेगा।

**जन्मजात विकृति तथा सेम एवं मेम श्रेणी के बच्चों का चिन्हांकन-** प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित शिविरों में लाड़ली लक्ष्मी योजना, छात्रवृत्ति एवं पी.एम. मातृ वंदना के हितलाभ भुगतान संबंधी समस्याओं का समाधान, सभी बच्चों की ऊंचाई एवं वजन का पुन: सत्यापन, अपार एवं आभा आईडी बनाने संबंधी कार्य, जन्मजात विकृति वाले बच्चों का चिन्हांकन, स्रूएवं स्रूश्रेणी के बच्चों का चिन्हांकन कर, उन्हें एन.आर.सी. में भर्ती करवाने और उनके पोषण में सुधार के कार्य किए जावेगें। साथ ही समग्र, ईकेवायसी का कार्य भी किया जावेगा।

> **संबल योजना एवं कर्मकार मंडल के नवीन पंजीयन**
>
> पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत आयोजित किए जा रहे शिविरों में समग्र आईडी की समस्या का समाधान, समग्र आईडी, ई-केवायसी, अपडेट, आवास चेकर सत्यापन, मनरेगा हितग्राहियों का ईकेवायसी, वृहद स्वच्छता अभियान सम्बल योजना, कर्मकार मण्डल के तहत नवीन पंजीयन वेज बुकिंग, मटेरियल बुकिंग, मां की बगिया के हितग्राहियों को मस्टर जारी करने संबंधी कार्य किए जाएंगे।

> **स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन**
>
> प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग द्वारा आयोजित किए जा रहे शिविरों में स्वास्थ्य जांच कर उपचार कर नि :शुल्क औषधियों का वितरण, एन.सी.डी. जांच, सभी छूटे हुए बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री महिलाओं का टीकाकरण एवं हीमोग्लोबिन जांच, टी.बी. स्क्रीनिंग, जननी सुरक्षा योजना, प्रसूति सहायता योजना में भुगतान संबंधी समस्याओं का समाधान किया जावेगा।



# बजरंग दल ने बघाना में निकाला अभ्यास संचलन, 28 दिसंबर को नीमच में होगी विशाल शौर्य यात्रा

**नीमच।** जिला मुख्यालय पर 28 दिसंबर को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की ओर से होने वाली विशाल शौर्य यात्रा की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में रविवार को उपनगर बघाना में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एक अभ्यास शौर्य संचलन निकाला।

यह संचलन बघाना स्थित अग्रवाल पंचायत भवन से 'ध्वज प्रणाम' के साथ शुरू हुआ। घोष की धुन पर कार्यकर्ताओं ने कदमताल की, जिससे पूरा इलाका जयघोष से गूंज उठा। हाथों में दंड धारण किए कतारबद्ध कार्यकर्ताओं का अनुशासन स्पष्ट दिखाई दे रहा था। यह श्री राम चौक, फतेह चौक, होली चौक, पुलिस चौकी और नया बाजार होते हुए रामदेव बाबा मंदिर पहुंचा।

**कार्यकर्ताओं के लिए हुआ 'बौद्धिक सत्र'-** रामदेव बाबा मंदिर से सभी कार्यकर्ता पुन: अग्रवाल भवन पहुंचे, जहां संचलन का विधिवत समापन हुआ। संचलन के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया था।समापन के बाद अग्रवाल पंचायत भवन में कार्यकर्ताओं के लिए एक 'बौद्धिक सत्र' आयोजित किया गया। इसमें वक्ताओं ने शौर्य दिवस के इतिहास और संगठन की नीतियों पर प्रकाश डाला। साथ ही, 28 दिसंबर के मुख्य आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया गया।

# व्यापारी संघ चुनाव की घोषणा, 4 जनवरी को होगा नई कार्यकारिणी का गठन

**नीमच। व्यापारी संघ की नवीन कार्यकारिणी के गठन हेतु चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। यह चुनाव दिनांक 04 जनवरी 2026, रविवार को संपन्न होगा। चुनाव के माध्यम से एक अध्यक्ष एवं दस कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया जाएगा।**

चुनाव प्रक्रिया के तहत नामांकन पत्र दिनांक 22 दिसंबर 2025 एवं 23 दिसंबर 2025 को दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक व्यापारी संघ कार्यालय, पुरानी मंडी प्रांगण में निर्वाचन अधिकारी के समक्ष भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 23 दिसंबर 2025 को ही की जाएगी तथा उसी दिन शाम 6:00 बजे तक वैध नामांकन पत्रों की सूची व्यापारी संघ के सूचना बोर्ड पर चस्पा कर दी जाएगी।

प्रतिभागी दिनांक 24 दिसंबर 2025 को शाम 5:00 बजे तक अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। इसके पश्चात शेष रहे उम्मीदवारों की अंतिम सूची उसी दिन व्यापारी संघ कार्यालय के सूचना बोर्ड पर प्रकाशित कर दी जाएगी। यदि आवश्यकता हुई तो मतदान 04 जनवरी 2026 को प्रात: 8:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक कराया जाएगा। चुनाव नियमों के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए मतदाता को एक तथा कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए अधिकतम 10 उम्मीदवारों को मतदान करना अनिवार्य होगा। इससे कम या अधिक मतदान करने पर मतपत्र निरस्त माना जाएगा। मतपत्र में उम्मीदवार के नाम के आगे निर्धारित रिक्त स्थान पर ही मोहर लगानी होगी, अन्यथा मतपत्र अमान्य घोषित किया जाएगा। प्रत्येक मतदाता को मतदान के समय पहचान के लिए आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आईडी या अन्य वैध पहचान पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य रहेगा। चुनाव, मतगणना एवं मतपत्र से संबंधित किसी भी विवाद की स्थिति में निर्वाचन अधिकारी का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। प्रत्येक मतपत्र पर निर्वाचन अधिकारी के हस्ताक्षर होंगे। मतदान प्रक्रिया पूरी तरह गोपनीय रहेगी। मतपत्र पर किसी भी प्रकार की पहचान चिन्ह या अतिरिक्त मार्किंग पाए जाने पर मतपत्र निरस्त कर दिया जाएगा। व्यापारी संघ ने सभी पात्र सदस्यों से चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की है।

**एक नजर** ▸ तनावमुक्त वर्दी की पहल, जिले के सभी थानों में एक साथ हुआ ध्यान कार्यक्रम

# पुलिसकर्मियों के लिए अब हर रविवार लगेगा ध्यान शिविर

**नीमच। जिले में विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर रविवार को पुलिस लाइन में 'तनाव मुक्ति एवं ध्यान केंद्र' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिले के समस्त थानों में सामूहिक रूप से आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य पुलिसकर्मियों को मानसिक शांति और बेहतर कार्य प्रदर्शन के लिए ध्यान से जोड़ना था।**



पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार, 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस पर मध्य प्रदेश पुलिस और हार्टफुलनेस संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में यह पहल की गई। इस अभियान में प्रदेश भर से लगभग 50 हजार पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों ने भाग लिया। इसका मुख्य लक्ष्य थाना स्तर तक ध्यान को पहुंचाना है।विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर पुलिसकर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन एवं सकारात्मक कार्यसंस्कृति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पुलिस एवं हार्टफुलनेस संस्था के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 19.12.25 से 21.12.25 तक मध्यप्रदेश के सभी जिलों के साथ साथ नीमच जिले में भी 'तनावमुक्ति एवं ध्यान केंद्र ''हर दिल ध्यान, हर दिन ध्यान' अभियान के अंतर्गत व्यापक स्तर पर ध्यान योग गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

उक्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल के निर्देशन में दिनांक 19 दिसंबर 2025 को पुलिस कन्ट्रोल रूम नीमच स्थित सभाकक्ष में तीन दिवसीय ध्यान योग कार्यशाला का शुभारंभ किया जाकर जिलें की सभी पुलिस इकाईयों में 03 दिवसों के दौरान हार्टफुलनेस संस्था के माध्यम से पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों को ध्यान योग के महत्व एवं लाभों से अवगत कराते हुए तनावमुक्ति एवं ध्यान योग का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

दिनांक 21 दिसम्बर 2025 को ''विश्व ध्यान दिवस'' के अवसर पर जिलें की सभी पुलिस इकाईयों में पुलिस बल के मानसिक सशक्तिकरण, तनावमुक्ति एवं सकारात्मक कार्य संस्कृति के विकास हेतु सामूहिक ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल के निर्देशन में जिले के समस्त थाना, चौकी एवं पुलिस इकाइयों में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम प्रदेश स्तर पर ऑनलाइन प्लेटफार्म के माध्यम से आयोजित किया गया, जिसमें मध्यप्रदेश के समस्त पुलिस इकाइयों एवं समस्त थानों से पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी एक साथ जुड़े। इस अवसर पर हार्टफुलनेस संस्था के प्रशिक्षकों द्वारा ध्यान सत्र का प्रभावी संचालन किया गया।